कार्यालय प्राचार्य स्व. ठाकुर महाराज सिंह शासकीय महाविद्यालय
थानखम्हरिया जिला – बेमेतरा(छ.ग.)
EMAIL ID - thankhamariya123@gmail.com WEBSITE – www.govtcollegethankhamaria.in

पत्र क्रं / 544 / स्था. / 2022 थानखम्हरिया दिनांक 10.08.2022

// सूचना //

समस्त महाविद्यालयीन नियमित छात्राओं को सूचित किया जाता है कि पोस्ट मैट्रिक नवीन/नवीनीकरण ऑनलाईन छात्रवृत्ति आवेदन फॉर्म दिनांक 16.08.2022 से 30.09.2022 तक भराया जाना है। तथा ऑनलाईन आवेदन फॉर्म की हॉर्डकापी महाविद्यालय में दिनांक 06.10.2022 तक जमा किया जाना है। पोस्ट मैट्रिक ऑनलाईन छात्रवृत्ति आवेदन फॉर्म के साथ निम्नलिखित दस्तावेज अनिवार्य रूप से संलग्न करें अन्यथा दस्तावेज के अभाव में आपका छात्रवृत्ति फॉर्म निरस्त किया जा सकता है।

1 10वीं/12 वीं/प्रथम एवं द्वितीय वर्ष उत्तीर्ण अंकसूची की छायाप्रति।
2 जाति / निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
3 आय प्रमाण–पत्र की मूलप्रति ।
(वार्षिक आय अधिकतम अन्य पिछड़ा वर्ग – 100000, अनुसूचित जाति/जनजाति – 250000)।
4 आधार कार्ड की छायाप्रति।
5 बैंक पासबुक की छायाप्रति।
6 फीस कार्ड की छायाप्रति।

नोट :–1 बैंक खाता क्रमांक आधार कार्ड से लिंक होना जरूरी है।
2 पोस्ट ऑफिस का बैंक खाता क्रमांक मान्य नही है।
3 सभी दस्तावेज स्वयं प्रमाणित होना चाहिए।
4 आय/जाति/निवास प्रमाण–पत्र तहसीलदार से सत्यापित होना चाहिए। सरपंच/पार्षद द्वारा सत्यापित दस्तावेज मान्य नहीं होगा।

Principal
Late Thakur Maharaj singh
Govt. College Thankhamaria
Distt-Bemetara (C.G.)

-:: कार्यालय कलेक्टर, बेमेतरा (छ.ग.) :: -
॥ आदिवासी विकास शाखा ॥
फैक्स–07824–222105 ई–मेल–actwd.bemetara@gmail.com

क्रमांक /758/ /आ.जा.क./पो0मै0ऑन0 छात्र0/8/2022–23 बेमेतरा,दिनांक 17.08.2022

प्रति,

सहायक संचालक,
जनसंपर्क
जिला – बेमेतरा (छ.ग.)

विषय :– अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कालेज स्तर) वर्ष 2022–23 की ऑनलाइन स्वीकृति संबंधी प्रेस विज्ञप्ति जिले के स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशित करने बाबत्।

संदर्भ :– आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, नवा रायपुर का पृ. क्र./आ.ला.पो.मै.छा./131/22–23/5591 दिनांक 12.08.2022

—000—

कृपया विषयांतर्गत विज्ञप्ति को जिले में प्रकाशित होने वाले दो स्थानीय समाचार पत्रों में लगातार तीन दिवस तक प्रकाशित कराने का कष्ट करे जिससे जिले में संचालित समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय, इंजीनियरिंग एवं मेडिकल कालेज, आई. टी. आई. एवं पॉलिटेक्निक में अध्ययनरत् अनुसूचित जन जाति एवं पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है, को सूचित किया जाता है कि शिक्षा सत्र 2022–23 मे छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन पोस्ट पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही http://postmatric-scholarship.cg.nic.in/वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है। महाविद्यालयों में विद्यार्थियों के प्रवेश विलम्ब से प्रारंभ होने तथा परीक्षा परिणाम घोषित नही होने के फलस्वरूप तिथि में वृद्धि की जा रही है।

जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों के पंजीयन एवं संस्थाओं को प्रस्ताव/स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा विद्यार्थियों हेतु वर्ष 2022–23 हेतु निम्नानुसार तिथि निर्धारित की गई है :–

क्र.	प्रक्रिया	अंतिम तिथि
1	विद्यार्थी द्वारा आनलाइन आवेदन हेतु (नवीन एवं नवीनीकरण)	16.08.2022 से 30.09.2022 तक
2	Draft Proposal Lock करने हेतु	16.8.2022 से 10.10.2022 तक
3	Sanction Order Lock करने हेतु	16.08.2022 से 20.10.2022 तक
4	प्रस्ताव/स्वीकृति जमा करने की अंतिम तिथि	दिनांक 21.10.2022 तक

निर्धारित तिथियों के पश्चात् शिक्षा सत्र 2022–23 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन स्वीकृत नहीं किये जावेंगे एवं Draft Proposal Lock, Sanction Order Lock अथवा Disburse करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जायेगा। उक्त तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है, तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वतः जिम्मेदार होंगे।

नोट :–

1. इस कार्यालय के पूर्व में जारी विज्ञापन द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों को National Scholarship Portal पर पंजीयन करने हेतु निर्देशित किया गया था। भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली के नये निर्देशानुसार अनुसूचित जाति वर्ग के सभी विद्यार्थियों को केवल राज्य पोर्टल पर ही आवेदन किया जाना है। पूर्व में जिन विद्यार्थियों द्वारा National Scholarship Portal पर आवेदन किया जा चुका है उन विद्यार्थियों को भी पुनः राज्य पोर्टल पर आवेदन किया जाना है।
2. वर्ष 2021–22 से छात्रवृत्ति का भुगतान PFMS के माध्यम से किया जा रहा है। PFMS द्वारा आधार आधारित भुगतान की जा रही है। अतः सभी विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन करते समय आधार से लिंक बैंक खाता नम्बर की प्रविष्टि करना सुनिश्चित करें।

17/08/2022

(श्रीमती मेनका चन्द्राकर)
सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास,जिला–बेमेतरा

Scanned with CamScanner

बेमेतरा,दिनाँक 17.08.2022

पृ. कमांक /759 / आ.जा.क./पो0मै0ऑन0 छात्र0/8/2022–23

प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास रायपुर छ.ग. को उनके संदर्भित पत्र के तारतम्य में सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. कलेक्टर, जिला बेमेतरा की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. प्राचार्य/संस्था प्रमुख/शास./अशास./ ....
.महाविद्यालय/जि.शि.प्र.सं./आई.टी.आई./ ....
वि.ख. बेमेतरा/बेरला/साजा/नवागढ़ जिला बेमेतरा की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

17.08.2022

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास,जिला–बेमेतरा

Scanned with CamScanner